आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 16.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री मंगलवार अट्ठारह जून को किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत करीब बीस हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे।

2— मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ने पर जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

3— छत्तीसगढ़ में अब फसल का डिजिटल सर्वे होगा—किसानों की फसलों की पूरी जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की जाएगी।

4— बिलासपुर सांसद तोखन साहू केंद्रीय राज्यमंत्री बनने के बाद कल पहली बार पहुंचेंगे बिलासपुर—आभार रैली में होंगे शामिल।

पीएम—किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार अट्ठारह जून को वाराणसी से पीएम—किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत नौ करोड़ तीन लाख किसानों के खाते में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा गया है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की तीस तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर — एक आठ शून्य शून्य — एक एक — सात आठ शून्य शून्य के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। अट्ठाईस जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी पर प्रादेशिक भाषाओं में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री—समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि माओवाद का खात्मा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता में है और माओवादियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। कल रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में गृह और जेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत पुलिस कैम्पों के पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांवों के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक जुलाई से लागू होने वाले नये आपराधिक कानूनों को लेकर पुलिस विभाग को सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसी भी स्थिति में कानून और व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए। यदि ऐसा होता है तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में नशाखोरी, जुआ और सट्टा के साथ ही अवैध शराब से संबंधित शिकायतों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश के नाम पर लोगों से पैसा वसूलने वाली चिटफंड कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर इन कंपनियों से निवेशकों को उनकी राशि जल्द लौटाई जाए। श्री साय ने कहा कि प्रदेश के नवगठित जिलों में अनुसूचित जाति कल्याण थाने खोले जाएंगे। साथ ही पुलिस विभाग में रिक्त पदों की भर्ती और पदोन्नति की कार्रवाई भी जल्द की जाएगी।

बैठक में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

<u>भाजपा विधायक/संसदीय–बैठक</u>

भारतीय जनता पार्टी के रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में आज विधायक और संसदीय दल के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों की विभिन्न बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

विधायक दल की बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बताया कि इस अवसर पर आगामी तेईस जून से लेकर छह जुलाई तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि इक्कीस जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मंडल और जिला स्तर पर मनाया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए संगठन के माध्यम से तैयारी में जुट गई है।

<u>शहीद जवान–पुष्पचक्र अर्पित</u>

कल बस्तर संभाग के अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में शहीद जवान नितेश एक्का को आज चौथी बटालियन माना में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान उनके गृहग्राम जशपुर जिले के चिरईडांड के लिए रवाना किया। श्री साय ने इस दौरान शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी और हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही हमने माओवादियों के खिलाफ लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर के एक निजी अस्पताल पहुंचकर कल हुई मुठभेड़ में घायल जवानों से भी मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

<u>केंद्रीय राज्यमंत्री–बिलासपुर</u>

बिलासपुर सांसद तोखन साहू केंद्रीय शहरी विकास और आवास राज्यमंत्री बनने के बाद कल पहली बार बिलासपुर पहुंचेंगे। श्री साहू बिलासपुर में आयोजित होने वाली आभार रैली में शामिल होंगे। आभार रैली के दौरान रेलवे स्टेशन से नेहरू चौक सहित कई स्थानों पर केंद्रीय राज्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा। श्री साहू श्रीराम मंदिर तिलक नगर में अभिनंदन समारोह में भी शामिल होंगे, जहां भाजपा और कई सामाजिक संगठनों द्वारा उनका सम्मान किया जाएगा।

एग्री स्टैक पोर्टल

छत्तीसगढ़ में अब फसल आच्छादन का डिजिटल सर्वे होगा। इसके आधार पर किसानों की फसल की पूरी जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज की जाएगी। दिल्ली से आए कृषि विभाग के अधिकारियों ने आज नया रायपुर में राजस्व विभाग के मास्टर ट्रेनरों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि जिओ रेफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से इस वर्ष से डिजिटल क्रॉप सर्वे किया जाना है। डिजिटल सर्वे की जानकारी एग्री स्टैक पोर्टल में ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी। इस पोर्टल में किसानों द्वारा लगाई गई फसल के साथ–साथ उन्हें आवश्यक खाद और पानी की मात्रा की भी जानकारी मिलेगी। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन, बल्कि जमीन में लगाई  गई फसल के उत्पादन के लिए आवश्यक बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

सिकलसेल दिवस–जागरूकता शिविर

विश्व सिकलसेल दिवस पर उन्नीस जून को प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में सिकलसेल जागरूकता शिविरों का आयोजन होगा। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उपस्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, विभागीय छात्रावास, आश्रमों और अन्य विद्यालयों में आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा सभी कलेक्टरों, सहायक आयुक्तों और परियोजना प्रशासकों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

भारत सरकार के अधिकारी उन्नीस जून को छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में सिलकलसेल के प्रति जागरूकता और इस रोग से पीड़ित मरीजों से वर्चुअल चर्चा करेंगे।

ईद–उल–अजहा

कल ईद–उल–अजहा का पर्व छत्तीसगढ़ सहित देशभर में धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। त्याग और बलिदान के इस त्योहार पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में विशेष व्यवस्था की गई है।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने ईद–उल–जुहा पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकानाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि ईद–उल–जुहा का त्यौहार हमें बलिदानी–संस्कारवान बनने और मानव उत्थान के लिए समर्पण की सीख देता है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेशवासियों को ईद–उल–अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा है कि यह पर्व ईश्वर के प्रति समर्पण, त्याग और बलिदान के लिए प्रेरित करता है।

मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए प्रदेश में अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार–पांच दिनों में बस्तर संभाग के बाद प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी दक्षिण–पश्चिम मानसून के सक्रिय होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने कल सत्रह जून से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि बढ़ने की संभावना जताई है। विभाग ने राज्य के चौबीस जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसके अनुसार रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जशपुर सहित इन जिलों में आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश हो सकती है।

<u>बलौदाबाजार पुलिस–सुरक्षा व्यवस्था</u>

बलौदाबाजार में पिछले दिनों कलेक्टोरेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के बाद पुलिस द्वारा नगर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव उपाय किए जा रहे हैं। पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी चौबीसों घंटे क्षेत्र में गश्त कर रही हैं। साथ ही बलौदाबाजार के प्रवेश मार्ग पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच भी की जा रही है।

पुलिस ने किसी भी प्रकार की सूचना और आवश्यक सुझाव देने के लिए बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया है। यह नंबर है – नौ चार सात नौ एक – नौ शून्य छह दो नौ (94791–90629)।

साथ ही पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया के जरिये फैलने वाली कोई भी भड़काऊ पोस्ट या किसी के भी बहकावे में ना आएं और कानून का पालन करते हुए शांति बनाए रखें।

<u>दुर्ग–ठगी</u>

दुर्ग जिले के नेवई थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर बीस लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने अपने आपको छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का अधिकारी बताकर पड़ोस में ही रहने वाले युवक से खाद्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर बीस लाख रूपये की ठगी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसके साथी ने युवक को खाद्य विभाग में भर्ती और प्रशिक्षण का फर्जी पत्र बनाकर उसे व्हाटसऐप किया। इसके बाद जब युवक ने भर्ती पत्र के बारे में पता किया तो वह फर्जी निकला और फिर उस युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>